हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 17 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

14 मातृ भूमि की रक्षा करने वाले वीर शहीदों को किया नमन



14 बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर मोहा मन



## खबर संक्षेप

### पालवां में सांसद बृजेंद्र का अभिनंदन आज

**उचाना।** 17 दिसंबर को पालवां में युवाओं, ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत द्वारा भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जोन प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पालवां गांव के प्राइमरी स्कूल में ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जोरदार तरीके से सांसद बृजेंद्र सिंह का अभिनंदन युवाओं, ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा।

### ट्रक व पिकअप गाड़ी में भिड़ंत, तीन घायल

**कैथल।** ढांड-कुरुक्षेत्र रोड पर पबनावा गांव के निकट ट्रक और पिकअप गाड़ी के बीच में हुई भिड़ंत में तीन व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सलवान के सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह प्रमोद और विकास के साथ ट्रक में सवार होकर कुरुक्षेत्र जा रहे थे तो पिकअप गाड़ी चालक ने और उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी।

### चोरी करने तथा कब्जा करने पर एक नामजद

**जींद।** श्याम नगर में मकान में चोरी करने तथा प्लाट पर कब्जा करने पर शहर थाना पुलिस ने एक के खिलाफ चोरी तथा कब्जा करने का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीतलपुरी कालोनी निवासी राजू ने शिकायत में बताया कि गांव राखीगढ़ी निवासी माईचंद ने उसके घर का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया।

### मारपीट में मां-बेटा घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** जिले के गांव चूहडमाजरा में हुई मारपीट में मां बेटा घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में चूहडमाजरा के सुशील कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 दिसंबर को कुलदीप, प्रदीप, कुसुम और कविता ने मिलकर थप्पड़ मुका तथा ईंटों से मारपीट करते उसे तथा उसकी मां दर्शना देवी को घायल कर दिया।

### अवैध असलहा के साथ युवक पकड़ा

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव बडौदी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पकडे.गए युवक से पूछताछ कर रही है। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव बडौदी में एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

### कॉलेज में पढ़ने गई युवती लापता

**कैथल।** कैथल के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए आई एक युवती के लातपाल होने का मामला प्रकाश में आया है। सोंगल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी 14 दिसंबर को कैथल के कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उसने अपनी बेटी की आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव पाजूखुर्द से युवती के गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। गांव पाजूखुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 दिसंबर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा।

### मकान से लाखों के जेवर-नकदी चुराई

**कैथल।** डिफेंस कॉलोनी से चोर लाखों के जेवरात और नगदी चुरा कर ले गए। डिफेंस कॉलोनी के गली नंबर 2 की गंगा देवी ने सिविल लाइन पुलिस को शिकायत में रोक लगाया है कि रात को घर में घुसकर वहां पर राखी 5 किलो चांदी और 50000 रुपये का कपड़ा व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

# नियमित हुई 38 कॉलोनियों में 44.75 करोड़ से होगा गलियों का निर्माण

## नगर परिषद ने एस्टीमेट तैयार करके जिला नगर आयुक्त के पास भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में कुछ माह पहले नियमित की गई 38 कालोनियों में गलियों का निर्माण करने के लिए नगर परिषद ने एस्टीमेट तैयार किए हैं। एस्टीमेट के अनुसार गलियों के निर्माण पर करीब 44.75 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके लिए धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए शहरी स्थानीय निदेशक को जिला नगर आयुक्त की तरफ से सिफारिश भेजी जाएगी। नगर परिषद की तरफ से एस्टीमेट तैयार करके जिला नगर आयुक्त के पास भिजवा दिए हैं।

गत 24 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में बैठक हुई थी। जिसमें नगर परिषद अधिकारियों को नियमित की गई कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए एस्टीमेट तैयार करके जल्द निविदाएं जारी करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद कार्यकारी अभियंता सतीश गर्ग ने अपनी टीम के साथ एस्टीमेट तैयार करवाए। मुख्यमंत्री के जल्द एस्टीमेट तैयार करने के आदेश थे। ऐसे में तकनीकी शाखा के अधिकारियों ने शनिवार और रविवार को अवकाश होने के बावजूद कार्यालय में बैठ कर एस्टीमेट तैयार किए हैं। प्रदेश सरकार से बजट की मंजूरी मिलने के बाद इन कार्यों के टेंडर लगाए जाएंगे। जो नियमित करने के लिए 38 कालोनियां चयनित की गई हैं। ये ज्यादातर बाहरी नियमित कालोनियों के आसपास हैं। लोगों ने नियमित कालोनियों के आसपास जमीन खरीद कर मकान बना लिए थे लेकिन नियमित कालोनी में मकान नहीं होने की वजह से इनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही थी। वहीं पक्की गली, सीवरेज की भी सुविधा नहीं होने से बरसाती सीजन में काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है।

### एस्टीमेट भेजा जाएगा: सैनी



नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अवैध कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को बड़ी सौगात देने का काम किया है। पहले सर्वे करवा कर इन कालोनियों को नियमित करने का काम किया और अब मूलभूत सुविधाएं देने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन कालोनियों के गलियों के एस्टीमेट तैयार किए जा चुके हैं। करीब 44.75 करोड़ रुपये की इस पर लागत आएगी। जिला नगर आयुक्त के माध्यम से इसके लिए बजट जारी करवाने के लिए निदेशक को केस भिजवाया जाएगा।

### काम शुरू करने के निर्देश

नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले हजारों लोगों को सड़क, बिजली जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। दरअसल अवैध से वैध की गई कॉलोनियों में अब विकास के काम होने हैं। इसके लिए नगर परिषद जींद एस्टीमेट तैयार कर चुका है। अब तक कॉलोनियां अवैध होने के कारण यहां काम नहीं हो पा रहे थे। वहीं नगर परिषद जींद के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम की शुरुआत कराने के भी निर्देश दिए हैं। भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले हजारों लोगों को सड़क, बिजली जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। दरअसल अवैध से वैध की गई कॉलोनियों में अब विकास के काम होने हैं।

## शहर के लिए ऑटो किराये की नई सूची जारी

# रात्रि में ऑटो चलाने वालों के अब बनेंगे स्पेशल पास

### रात्रि 10 से लेकर सुबह पांच बजे तक भी 30 रुपये किराया लगेगा

### कम दूरी के लिए 10 व ज्यादा के लिए देने होंगे 20 रुपये



जींद। शहर में चल रहे ऑटो। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा किराये को लेकर नई सूची जारी की गई है। अब नए नियमों के अनुसार शहर में कम दूरी के लिए दस रुपये व ज्यादा दूरी पर 20 रुपये किराया लिया जाएगा। वहीं रात्रि दस बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक भी 30 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। शहर में लगभग 3500 ऑटो व लगभग अढाई हजार ई-रिक्शा हैं, जिसमें दिनभर हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। पहले ऑटो चालक दिन में 20 रुपये ही किराया निर्धारित कर रखा था। ऐसे में जो यात्री थोड़ी दूरी पर जाते थे, उन्हें भी 20 रुपये ही किराया देना पड़ता था। वहीं रात के समय ऑटो चालक मनमाना किराया वसूलते थे। ऐसे में मनमाना किराया वसूलने वाले ऑटो चालकों की मनमानी पर रोक लगेगी। जींद में रात्रि में चलने वाले ऑटो चालकों के लिए स्पेशल पास जारी किए जाएंगे। नए बस स्टैंड से लेकर एसडी स्कूल तक दस रुपये व इससे आगे जाने पर 20 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन से एसडी स्कूल तक दस रुपये व इससे आगे जाने पर 20 रुपये किराया लगेगा। इस समय ऑटो व ई रिक्शा में यूनिक आईडी नंबर भी जारी किए जा रहे हैं।

ऐसे में अगर कोई यात्री ऑटो व ई रिकशा में गलती से अपना सामान भूल जाता है या फिर निर्धारित किराए से ज्यादा किराया लेता है, उस पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यूनिक नंबर जारी होने के बाद कोई अपराध होने या जरूरत पड़ने पर पुलिस संबंधित ऑटो रिक्शा को ट्रैक कर सकेगी। पुलिस ने अभियान चला कर ऑटो के सभी कागजात की जांच करने के बाद यूनिक आईडी नंबर जारी कर रही हैं, जिसे ऑटो रिक्शा पर लिखवाया जा रहा है। इसके बाद ऑटो चालकों का यह यूनिक नंबर डायल 112 से जोड़ा जाएगा और कोई भी अपराध होते ही पुलिस तुरंत संबंधित ऑटो तक पहुंच जाएगी। पुलिस पुराना बस स्टैंड पर ऑटो रिक्शा चालकों को बुलाकर उनके कागजात चेक कर रही है।

### किराया निर्धारित

हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रध्शान विजय दलाल ने बताया कि रात्रि के लिए दस बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक 30 रुपये किराया लगेगा। जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों को निर्धारित किराए की सूचना लिखित में दे दी जाएगी। हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन ने बैठक कर अलग-अगल दूरी के हिसाब से दस, 20 व 30 रुपये किराया निर्धारित किया है। अगर कोई ऑटो व ई रिक्शा चालक यात्री से 'यादा किराया लेता है, उसकी शिकायत दो स्टैंड इंचार्ज जगत सिह पूनिया व सुखबीर उर्फ पप्पू को नियुक्त किया है।

# प्रतिनिधमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

- मेडिकल भत्ता व अन्य मांगों को संसद में उठाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वेलफेयर एसो. का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को प्रधान किताब सिंह भनवाला की अध्यक्षता में हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शीशपाल लोहान, मिया सिंह खटकड़, जगदीश पांचाल, महाबीर कुंडू, बलवान सिंह डीपीई, जयनारायण जिलेदार, कुलदीप गोयत, ओमनारायण शर्मा, शमशेर सिंह ढांडा शामिल थे। सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए किताब सिंह भनवाला ने बताया कि पार्लियामेंट कमेटी की 110वीं रिपोर्ट में रिटायर्ड कर्मचारियों की मुख्य मांग अर्थात 65, 70, 75 वर्ष की आयु उपरांत क्रमशः पांच, दस व 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की सिफारिश की गई है। इसके अतिरिक्त मेडिकल भत्ता एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार करने की सिफारिश केंद्र सरकार को लगभग एक वर्ष पहले की थी लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने इस मांग को पूरा नहीं किया।

उन्होंने सांसद से कहा कि संसद के चालू सत्र में यह मांगे उठा कर केंद्र सरकार को याद दिलाए और इन दोनों मांगों को पूरी करवाने के लिए अपनी तरफ से केंद्र सरकार पर दबाव बनाएं।




विधायक ईश्वर सिंह स्कूल की चारदीवारी का शिलान्यास करते।

### हलके में करोड़ों के विकास कार्य जारी: ईश्वर सिंह

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि समूचे क्षेत्र में जहां करोड़ों रुपये के विकास कार्य निरंतर चल रहे हैं, वहीं गांव पीड़ल में 19 लाख 80 हजार रुपये की लागत से निर्मित एससी चौपाल, 41 लाख 34 हजार रुपये से अधिक की राशि से विभिन्न स्कूलो में 6 लैबो का निर्माण, 11 लाख रुपये की लागत से स्कूल बाउंड्री व रिपेयर, करीब 58 लाख रुपये से चर्च तथा श्मशान घाट से लेकर रौनकी राम के घर तक, संत राम वाली गलियों का निर्माण करवाया गया है। पीडल के पुराने रेस्ट हाउस के स्थान पर नया रैस्ट हाउस बनाया जाएगा, जिसके लिए 2 करोड़ 25 लाख रुपये मंजूर करवाए गए हैं। इसी प्रकार 46 लाख रुपये की लागत से पीड़ल से बलबेहड़ा की सड़क निर्माण करवाया गया। पीडल से पंजाब वाया खरौदी, ढुसैरपुर, चाणचक, खेड़ी दाबन की सड़क का सुधारीकरण के कार्य पर 1 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है।

### 220 ग्राम अफीम सहित तस्कर काबू, गाड़ी जब्त

**कैथल।** सीआईए-1 ने नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 220 ग्राम अफीम बरामद होने पर नशा तस्करी में प्रयुक्त गाडी को जब्त कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 के एसआई जयभगवान की टीम रात्रीकालीन गश्त दौरान अंबाला रोड कैथल पर मौजुद थी। जहां पर सहयोगी सुत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि कवारतन निवासी रामकेश अफीम बेचने का काम करता है। जो आज अफीम लेकर अंबाला की साईड से आने वाला है। जिसको नाकांबदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना पर पुलिस ने पार्टी का गठन करके मुस्तैदी व तत्परता का परिचय देकर त्वरित कार्रवाई दौरान अंबाला रोड नाका कैथल पर नाकाबंदी की।

# गांव पाई में बंदरों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई



छत पर कंटीली तार लगाते ग्रामीण।

गांव पाई में बंदरों का आतंक फैला हुआ है जिससे ग्रामीण परेशान हो चुके हैं बंदर आए दिन महिलाओं व बच्चों पर हमला कर रहे हैं और घरों में भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब ग्रामीणों ने बंदरों से बचाव के लिए छतो पर कंटीले तार लगाना शुरू कर दिया है। वहीं ग्रामीण बंदरों के आतंक से परेशान होकर प्रशासन से भी गुहार लगा चुके हैं और सरपंच को भी बोल चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बंदर पकड़ने व वन विभाग वालों को फोन किया था जो की एक बंदर पकड़ने के 2000 की डिमांड कर रहे हैं। अब ग्रामीण प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके हैं। अब ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा करने की खुद ठानी है और गांव में ग्रामीणों ने अपनी छतों पर कंटीले तार लगाना शुरू कर दिया है।

# ओवर लोडिंग वाहन बने चालकों के लिए परेशान

**राजौंद।** नगर में इन दिनों ओवर लोडिंग गुजरने वाले वाहनों ने लोगों को परेशान कर रखा है। जब यह वाहन सड़क मार्ग से गुजरते है तो सामने से आने वाला कोई भी वाहन सड़क से नहीं गुजर सकता जिससे दुर्घटना होने का भय बना रहता है। इस बारे में नगर के लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया लेकिन पुलिस प्रशासन ने भी इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे ओवर लोडिंग वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते चले गए। यह ओवर लोडिंग वाहन चालक अपनी मर्जी से वाहनों को सड़क से लेकर गुजरते हैं कई बार तो इन वाहनों की वजह से सड़क मार्ग पर जाम लग जाता है। लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती। रामबीर, कर्मबीर, धर्मपाल, अशोक, पिंद्र, भूषण ने बताया कि जब तूडी से भरे ट्रैक्टर ट्राली लेकर गुजरते हैं।



राजौंद। नगर से गुजर रहे ओवर लोडिंग वाहन। फोटो :हरिभूमि

# अब विद्यालयों में रीडिंग प्रमोशन गतिविधि को मिलेगी गति : आर्य

- जिले के 224 एलिमेंट्री और 155 सेकेंडरी स्कूलों के लिए भेजी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने छात्रों के कौशल को विकसित करने के लिए राजकीय विद्यालयों में रीडिंग प्रमोशन माह के नाम से गतिविधि का आयोजन किया जाता है। जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में कहानी लेखन, कविता लेखन, हिंदी वर्तनी, टेंस प्रश्नोत्तरी, स्पेल बी, डिबेट इत्यादि करवाई जाती है ताकि बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारा जा सके। डीपीसी आर्य ने बताया कि विद्यालय स्तर पर इस गतिविधि हेतु कक्षा 6 से 8 के स्कूलों में 4 लाख तथा कक्षा 9 से 12 के स्कूलों में 279000 की राशि भेजी जा चुकी है। ये प्रत्येक विद्यालय के लिए 1800 रुपये की राशि है विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता विद्यालयों में आयोजित हो चुकी है। बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक खंड के लिए 70755 रुपये की राशि 424530 रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। डीपीसी सुरेंद्र आर्य ने गतिविधि के नोडल अधिकारियों को समय पर यह प्रतियोगिता खंड स्तर पर आयोजित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खंड संसाधन संयोजकों को कहा कि विभाग के आदेशों अनुसार यह खंड स्तरीय प्रतियोगिता 20 दिसंबर से पहले करवानी है। उन्होंने बताया कि विभाग के आदेश अनुसार 22 दिसंबर से पहले जिला स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है इसलिए प्रतियोगिता के परिणाम 20 दिसंबर को ही भेज दें।

### गतिविधि निर्धारित



जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता हेतु इसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए चार गतिविधि निर्धारित हैं। एक गतिविधि के लिए 30 विद्यार्थी भाग लेंगे कर गतिविधि में कक्षा 6 से 8 के 120 विद्यार्थी खंड स्तर पर भाग लेंगे तथा कक्षा 9 से 12 के प्रत्येक गतिविधि के 20 विद्यार्थी भाग लेंगे। 80 विद्यार्थी खंड स्तर पर भाग लेंगे खंड स्तरीय गतिविधि में कुल 200 विद्यार्थी भाग लेंगे। कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के प्रत्येक गतिविधि के तीन विद्यार्थी एक खंड के 12 विद्यार्थी तथा कक्षा 9 से 12 के प्रत्येक खंड के 16 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



## खबर संक्षेप

### भाषण में राधा कृष्ण सदन के बच्चे अव्वल

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए पैशन की पाठशाला में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राधा कृष्ण सदन के बच्चों ने मारी बाजी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के साथ की गई। कार्यक्रम में छात्रों को चार क्षेत्रों में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, केस दर्ज

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 2350 रूपये बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के निकट आर्दश कालोनी निवासी सतीश सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सतीश को काबू कर लिया।

### नि:शुल्क आधार कार्ड अपडेशन की तिथि बढ़ाई

**उचाना।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा मुफ्त आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब से पहले 14 दिसंबर अंतिम तिथि थी। एसडीएम गुलजार मलिक ने बताया कि आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

### आज भी उचाना विकास को मोहताजः घोघड़िया

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता वीरेंद्र घोघड़िया ने जनसंपर्क अभियान के तहत काकड़ोद, उचाना खुर्द गांव के दौरे किए। वीरेंद्र घोघड़िया ने कहा कि बीते 50 साल से यहां पर दो परिवारों ने राजनीति है जिनके नाम तो बड़े है लेकिन विकास, रोजगार की सोच कभी नहीं रखी। केंद्र में मंत्री, विधायक एवं सांसद एक ही परिवार एक समय होने के बाद भी उचाना में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ।

### तकनीकों को अपना कर लघु उद्योग शुरू करें

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। इसमें प्रतिभागियों को बेकरी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण संयोजक डा. सरोज देवी व डा. धीरज पंघाल ने बताया की कृषि विज्ञान केन्द्र पर महिलाओं के उत्थान के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है व प्रेरित किया जाता है।

### खरल गांव से 110 लीटर लाहण सहित एक काबू

**नरवाना।** पीग फार्म में अवैध रूप से शराब निकालने के लिए रखे हुए 110 लीटर लाहन सहित एक आरोपी को गढी पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस ने अवैध रूप से शराब निकालने के लिए लाहन रखने पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अपराध रोकथाम के लिए गस्त लगाते हुए खरल से उझाना रोड पर मौजुद थे।

### कांग्रेस ने दस साल जींद में नहीं होने दिया विकास

**उचाना।** डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लगातार दस साल सत्ता में रहते हुए जींद के साथ सौतले व्यवहार किया। कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा जींद से खून का रिश्ता बताते है लेकिन विकास, रोजगार के मामले में जींद की अनदेखी कांग्रेस के राज में हुई। रोहतक जिले में उद्योग लगे लेकिन जींद की हर तरह से उपेक्षा हुई।

### जींद : दुष्कर्म की अश्लील वीडियो बना किया वायरल

**जींद।** युवती को झांसे में दे होटल में ले जा दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने पर पर महिला थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने, बंधक बनाने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर हिसार पुलिस को भेज दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना नरवाना की एक युवती ने पुलिस को शिकायत दी है।

## शहीद स्मारक पर शहीदों की याद में मनाया विजय दिवस

# मातृ भूमि की रक्षा करने वाले वीर शहीदों को किया नमन

### शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मातृ भूमि की रक्षा करने वाले एवं देश की एकता एवं अखंडता में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की याद में शहीदी स्मारक पर शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में शहीदी स्मारक पर जिला सैनिक बोर्ड के कल्याण अधिकारी सतबीर सिंह ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ा कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि आज के दिन 1971 को भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत ने बंगला देश को आजाद करवाया था। इसमें पाकिस्तान सेना ने हार मानकर आत्मसमर्पण किया था और पाकिस्तान के 93 हजार सैनिक कैद कर लिए गए थे। संधि के दौरान बंगलादेश आजाद घोषित किया गया और कैदियों को रिहा किया गया था। युद्ध के दौरान भारतीय फौज की अनेक वीर गाथाएं है। इसलिए 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहीदों को मान-सम्मान एवं श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग की तरफ से नरेश शर्मा, सतपाल, कर्म सिंह, रमेश राठी, सेवा सिंह, सेवानिवृित इंद्र सिंह भारद्वाज, तारिफ सिंह एवं सैनिक परिवार भी शामिल रहे।गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में शनिवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश के सैनिक वीर योद्धाओं को याद करते हुए उनके अदम्य साहस और बलिदान से सबको परिचित करवाया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत एवं लघु नाटिका द्वारा बहादुर सैनिकों के बलिदान और समर्पण की भावना को प्रस्तुत करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिसमें एकलव्य सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर करण सदन रहा। प्रधानाचार्या आशु राठौर ने विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के इतिहास के कड़े संघर्ष और बलिदान के बारे मे बताते कहा कि यह दिन भारत के गौरव एवं बहादुर नेतृत्व का प्रतीक है हम सभी को उन वीर सैनिकों को नमन करना चाहिए। जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत माता की सुरक्षा व अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहना ही वीर सैनिकों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर देते पुलिस के जवान व साथ में मौजूद पूर्व सैनिक।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस

पूर्व सैनिकों ने शनिवार को गोहाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर बांग्ला विजय दिवस का आयोजन किया। समारोह का पुलिस कर्मियों द्वार गार्ड आफ आनर दिया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने शहीदों पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सैनिकों ने युद्ध के अपने अनुभव सांझा किए और एक दूसरे का हालचाल जाना। कर्नल डीके भरद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय पूर्व सैनिक सेवा संगठन, इंडियन वेटेरन ऑर्गनिजसंन व सैनिक कल्याण बोर्ड ने संयुक्त रुप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में सूबे सिंह ढांडा, वेद बरसोला, राजेंद्र रेढ़ू, जयपाल बरसोला, अमरनाथ, रामकरण दलाल, रमेश कौशिक मौजूद रहे।

## सूचना सत्यापित करने के बाद ही साझा करें : अमित


जींद। छात्रों को संबोधित करते अमित सांगवान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- सूचना साक्षरता विषय पर चौधरी रणबीर सिंह विवि में कार्यशाला

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया एजुकेटर और फैक्टशाला ट्रेनर डा. अमित सांगवान द्वारा सूचना साक्षरता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आज का दौर सूचनाओं का दौर है और आज के तकनीकी युग में सूचना के साथ-साथ, उसके बारे में साक्षर होना भी बहुत जरूरी है। क्योंकि एक गलत सूचना एक गलत विमर्श तैयार करती है जिसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ते हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को गलत और सही जानकारी का पता लगाना और वायरल जानकारी, फोटो आदि का तार्किक विश्लेषण करने की प्रविधियों से भी अवगत करवाया। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसके सिन्हा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा कहा कि आज के समय में हमें सोशल मीडिया प्लेटफार्मस काफी सारी भ्रामक पोस्ट देखने को मिलती है जोकि समाज को दिगभर्मित करती हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए यह कार्यशाला काफी अनिवार्य है ताकि वह सही और गलत मे अंतर का पता लगा सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय-समय पर इस प्रकार के सेमिनारों तथा कार्यशालाओं का आयोजन विश्वविद्यालय करवाता रहता है और इसके द्वारा विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास होता है। सीडीएलयू सिरसा के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डा. अमित सांगवान ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में सूचना काफी महत्व रखती है। इसलिए भावी पत्रकारों को सूचनाओं के सही आकलन के दृष्टिकोण को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया के विद्यार्थियों को किताबों, चैनल, समाचार पत्र और इन्टरनेट आदि के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और अच्छा कंटेंट उन्हें पढना चाहिए।

# 400 बच्चों की आंखें-दांत जांचे

- एसपी मेमोरियल स्कूल में बच्चों के दांतों व आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एसपी मेमोरियल स्कूल में कंप्यूटराइज्ड आई टेस्टिंग व डेंटल चेकअप कैंप लगाया । इस कैंप में आईजोन ऑप्टिकल से रमनदीप ने बच्चों की कंप्यूटर से आंखें चेक की व डा. अनिल सिंह व डा. अंजली गर्ग ने बच्चों के दांतों को चेक किया। कैंप में 400 बच्चों ने आंखों में दातों का चेकअप किया गया। जिन बच्चों की आंखें कमजोर मिली, उनको चश्मा के लिए व जिन बच्चों के दांतों में कोई बीमारी मिला उनको आगे इलाज करने के लिए बोला गया। बच्चों के दांतों के बारे में जानकारी देते हुए डा अंजलि ने बताया कि सभी को अल्ट्रासेट ब्रश का प्रयोग करना चाहिए तथा अपने ब्रुश को दो महीने में एक बार अवश्य बदल देना चाहिए। सोने से पहले ब्रुश अवश्य करना चाहिए। अगर कोई कैविटी या मुंह में बदबू महसूस हो तो अपने डेंटिस्ट से संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष बीएस गर्ग ने व प्रिंसिपल रूप कमल ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं ताकि अगर कोई बीमारी है तो समय रहते उसका पता चल जाए व उसका सही इलाज किया जा सके। इस कैंप की सफल आयोजन में मोहित बब्बर, संगीता, पूजा, वर्षा, शिखा की विशेष भूमिका रही।



जींद। शिविर में दांतों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### 22 बच्चों के यूडीआईडी कार्ड व रेल पास बनाए

**जींद।** जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए शनिवार को जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट, रेल पास, बस पास बनाए । यह चिकित्सा शिविर 23 तक आयोजित किए जाएंगे। शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने किया। कैंप में 53 बच्चों की जांच की गई और 22 बच्चों के यूडीआईडी कार्ड व रेल पास बनाए गए। इसके साथ ही एल्मिको कंपनी द्वारा बच्चों को सहायक उपकरणों के लिए नामांकित किया गया। प्रत्येक ब्लॉक के बच्चों के लिए अलग-अलग तिथि में लगेंगे शिविर जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में 18 दिसंबर को उचाना ब्लॉक, 19 दिसंबर को सफीदों ब्लॉक, 20 दिसंबर को जुलाना ब्लॉक, 21 दिसंबर को नरवाना ब्लॉक, 22 दिसंबर को पिल्लूखेड़ा ब्लॉक तथा 23 दिसंबर को अलेवा ब्लॉक के बच्चों के लिए मेडिकल जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही मेडिकल कैंप के दौरान जिस अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी लगी है, उसे कोई आकस्मिक अवकाश या अन्य अवकाश स्वीकृत नही है।

# दो सौ से अधिक का स्वास्थ्य जांचा

- सीएचसी खरकरामजी में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू किए गए स्वास्थ्य जांच शिविरों की कड़ी में आयुष विभाग द्वारा सीएचसी खरकरामजी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में एनसी मेडिकल कॉलेज पानीपत से डा. गौरी शंकर के नेृत्व में चिकित्सकों की टीम पहुंची और लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में मेडिसन, सर्जरी, गायनी, हड्डी, त्वचा, मनोरोग, छाती के रोग, नाक व गले के चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर में बराहखुर्द, बराह कलां, सिंध्वीखेड़ा के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में आए लोगों के मुफ्त टैस्ट व मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। शिविर में सीएचसी खरकरामजी के एमओ डा. स्नेह खर्ब, डा. मनदीप के साथ सारा स्टाफ उपस्थित रहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर प्रदेशभर में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों की माने तो आज की भाग दौड़ भरी जिदगी में लोग अपनी सेहत का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके चलते हमारा शरीर लगातार बीमारियों का घर बनता जा रहा है।


जींद। शिविर में स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक व टेस्ट लेते स्वास्थ्यकर्मी।


उचाना। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी एवं स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

### नर्सिंग कोर्स पास छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**उचाना।** बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग उचाना में जूनियर विद्यार्थियों ने नर्सिंग कोर्स उतीर्ण करने वाले सीनियर विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर बाँगर एजुकेशन ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हरेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. बाबा वजराला ने की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शुरूआत की। कोर्स पूरा करने के वाले बीएससी नर्सिंग फाइनल ईयर, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग फाइनल ईयर एवं जीएनएम फाइनल के विद्यार्थियों ने अपने विचार सांझा किए। विद्यार्थियों ने हरियाणवी डांस, ग्रुप डांस कर विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सामाजिक मुद्दों पर नाटक, कविता विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की। हरेंद्र सिंह ने नर्सिंग कोर्स के महत्व के बारे में विस्तार से बताते कहा कि कोर्स को करने से व्यक्ति शिक्षित तो होता ही है बल्कि शिक्षित के साथ-साथ समाज की सेवा भी करता है। कोरोना काल में नर्सिंग कोर्स करने वाली विद्यार्थी द्वारा लोगों की सेवा की।

# 70 लोगों ने किया रक्तदान

- रक्तदान करने से शरीर में नहीं होती किसी तरह की कमजोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गॉड काज स्माइल वेलफेयर सोसायटी द्वारा शनिवार को कंडेला गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 70 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ लक्ष्य ग्रामीण विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रदीप रेढू ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। दुनिया में यही एक ऐसा दान है, जो किसी को नई जिंदगी दे सकता है। आज भले ही विज्ञान ने कितनी भी तरक्की कर ली है लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं ढूंढ पाया है। जरूरतमंद व्यक्ति को दान में मिले खून से ही नई जिंदगी मिलती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी नहीं आती बल्कि साल में दो या तीन बार स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करता है तो उसका स्वास्थ्य और अच्छा रहता है। लक्ष्य ग्रामीण विकास ट्रस्ट समाज सेवा को समर्पित है और समाज सेवा सबसे पहले लक्ष्य ग्रामीण विकास ट्रस्ट का आदर्श है। रक्तदान शिविर के आयोजन में पंचायत समिति सदस्य गीता शर्मा का अहम योगदान रहा।


जींद। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि प्रदीप रेढू। फोटो :हरिभूमि


जींद। मनरेगा मजदूरों के साथ रघुवीर भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

### मनरेगा मजदूरों को सरकार ने छोड़ा राम भरोसे : भारद्वाज

**जींद।** ग्रामीण आंचल की तस्वीर बदलने के लिए अपना पसीना निकालने वाले मनरेगा मजदूरों के दर्द की दवा कराने के लिए कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज ने आवाज बुलंद की है। भारद्वाज ने गांव ईंटल खुर्द में मनरेगा मजूदरों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रदेश की गठबंधन सरकार को पूरी तरह से मजदूर, किसान, कर्मचारी, व्यापारी विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूर अपनी मांगों को लेकर पिछले दो महीनें से पंचकूला में धरना दे रहे है। किंतु गूंगी, बहरी और अंधी गठबंधन सरकार को उन लोगों का दर्द नजर नहीं आ रहाए जो ग्रामीण आंचल की तस्वीर निखारने के लिए ना ठंड देखते हैं और ना ही गर्मी। भारद्वाज ने कहा कि मनरेगा मजदूर 600 रुपये दिहाड़ी, मेट का मानदेय बढ़ाने, कार्य करने के दौरान दुर्घटना होने पर आश्रित परिवार को 25 लाख और एक सरकारी नौकरी देने, मनरेगा कॉपी धारक को 100-100 गज का प्लाट देने की मांग पिछले कई वषार्े से उठा रहे है। किंतु सरकार अपने स्वार्थ में ही उलझी हुई है। सत्ताधारियों का ध्यान केवल अपने कमीशन पर टिका हुआ है और मनरेगा मजदूर राम भरोसे छोड़ दिए हैं।

## विवेकानंद विद्या निकेतन में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

# बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों रोड स्थित विवेकानंद विद्या निकेतन में वार्षिक उत्सव का शानदार आयोजन किया गया। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वी प्लस यू इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रमेश चहल मुख्यअतिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यअतिथि तथा अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्र'वलित करके हुआ। बच्चों ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना करके स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नर्सरी से पांचवी कक्षा के बच्चों ने पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, कश्मीरी, झारखंड के आदिवासी व हरियाणवी नृत्य के द्वारा भारत की अनेकता में एकता का मनमोहक चित्र प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने बॉलीवुड, मॉडर्न भक्ति व देशभक्ति पर आधारित कोरियोग्राफी द्वारा सभी उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। स्कूल प्रबंधक महेंद्र श्योकंद ने बताया कि बच्चों में मैनेजमेंट व नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिए स्कूल ने एक अनोखी पहल की है। जिसके तहत छठी व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम का आयोजन, प्रस्तुति व मंच संचालन किया है।

बच्चों के कार्यक्रज़्म तैयार करने से लेकर, स्टेज शो, बैठने की व्यवस्था तक सभी प्रकार के आयोजन बच्चों द्वारा ही किय गए हैं। मुख्य अतिथि रमेश चहल ने बच्चों के शानदार कार्यक्रम पर खुशी व्यक्त की तथा उन्हें भविष्य के लीडर के रूप में अपने आपको तैयार करने के लिए प्रेरित किया।






जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव के तहत खेल पखवाड़े में चल रहे संयुक्त खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हषार्ेउल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में एसएचओ नवीन मोर ने शिरकत की। गेस्ट ऑफ ऑनर सतीश कौशिक, प्रदीप सिंगरोहा, राजेंद्र रहे। दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने बोरी दौड़, नींबू दौड़, रस्साकशी, थ्री लैग रेस, बुक रेस, मटका रेस जैसे मजेदार खेलों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की शारीरिक सुंदरता उसके लिए मानवता निर्माण में सहायक होती है। खेल बहुत प्रकार के होते हैं जो अलग-अलग देशों में विभिन्न देश के लोगों द्वारा खेले जाते हैं। किसी भी खेल का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी देश में आयोजन किया जाता है। समय-समय पर खेल में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं और अष्टांग या योगा की अन्य क्रियाओं द्वारा इन्हें बदला भी गया है। खेल खेलना हमें पूरे जीवनभर बहुत से तरीकों से मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शन के आधार पर चारों सदनों को अंक दिए गए। सर्वश्रेष्ठ खेल छात्र और छात्राओं को एक समृति चिन्ह, एक पदक, एक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### सतबीर के नेतृत्व में कई युवा कांग्रेस में शामिल

**पूंडरी।** आज पाई रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पूंडरी में बैठक संपन्न हुई, जिसमें विशेष रूप से प्रदीप गुर्जर युवा प्रदेश महासचिव कैथल युवा कांग्रेस प्रभारी, सतीश चहल जिला युवा प्रधान, प्रवीण नैन पूर्व जिला युवा प्रधान, सोनू बनवाला हल्का पूंडरी युवा प्रधान ने हल्का पूंडरी के युवा साथियों की मीटिंग ली। बैठक में विशेष रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी सतबीर भाणा ने शिरकत की। बैठक में शिशन सांच के साथ आए हुए युवा साथी राजीव कुमार फतेहपुर, पंकज कुमार पूर्व हल्का महासचिव बसपा, विनोद कुमार सैक्टर अध्यक्ष फतेहपुर बसपा पूंडरी, विशाल कुमार फतेहपुर, विशाल कुमार बसपा मोहना ने बीएसपी छोडकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की।

### सीआईए-1 पुलिस द्वारा डोडापोस्त सप्लायर काबू

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मुल तक पहुंचते हुए डोडोपोस्त तस्करी के एक मामले की जांच दौरान सीआईए-1 पुलिस के पीएसआई सुमित की टीम द्वारा आरोपी मध्यप्रदेश के जिला रतलाम के गांव मेवासा निवासी राहुल को काबू कर लिया।

### ईंट भट्ठा पर बाल मजदूरी कराने पर केस दर्ज

**कैथल।** सदर पुलिस पुलिस कैथल एट भट्ठा पर बाल मजदूरी करवाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बाल कल्याण समिति के सदस्य प्रदीप ने बताया कि बाल कल्याण समिति द्वारा चलाई गई विशेष अभियान के तहत टीम ने जब पाडला के जय बाबा राजपुरी भट्ठा पर निरीक्षण किया तो वहां पर भट्ठा के मालिक अनिल खुराना द्वारा पांच किशोरी से बाल मजदूरी करवाई जा रही थी।

### चोरीशुदा बाइक सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** वाहन चोरो पर शिकंजा कसते हुए थाना शहर पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को चोरीशुदा बाइक सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि व्यापक पूछताछ दौरान दोनो आरोपियों ने उक्त बाइक को कुरुक्षेत्र से चोरी करना कबुल किया।

### नशा तस्कर से चूरा पोस्त मंगवाने के मामले में काबू

**कैथल।** नशा तस्कर से चूरा पोस्त व डोडोपोस्त मंगवाने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई कमलजीत द्वारा आरोपी जिला जींद के गांव डुमरखां निवासी मनीष को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक में आए आरोपी मंडवाल निवासी पलविंद्र सिंह उर्फ गोल्डी को काबू किया गया था। कब्जे से अफीम, डोडापोस्त तथा चूरा पोस्त बरामद हुआ था। आरोपी मनीष ने गोल्डी से डोडोपोस्त व चुरापोस्त मंगवाया था।

### विधायक ईश्वर सिंह तथा हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत

# जनसंवाद कर ग्रामीणों को बताईं सरकार की योजनाएं

कार्यक्रम के दौरान विभिन्नविभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को बताईं मोदी गारंटी वाली योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव पीड़ल व थेहनेवल में पहुंची। गांव में पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर सिंह व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत ने शिरकत की। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आमजन की परिवार पहचान-पत्र, बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड आदि समस्याओं का भी निराकरण किया गया। इस दौरान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलवाया गया।

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। यात्रा के दौरान सभी पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। अब तक योजना के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों को मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभ दिया जा रहा है।

हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचा रही है। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक घर-घर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी पहल की सराहना भी की।



गुहला-चीका। कैलाश भगत जन संवाद केंद्र में स्टालों का निरीक्षण करते हुए



गुहला-चीका। जन संवाद केंद्र में योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण



केथल। विधायक लीला राम जन संवाद केंद्र में समस्याएं सुनते हुए

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र व्यक्तियों को मौके पर दिया जा रहा है लाभ : देवेंद्र शर्मा

**कलायत।** एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। अब तक योजना के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों को मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभ दिया जा रहा है। सरकार द्वारा लाल डोरे से अन्दर की जमीन का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना क्रियान्वित की जा रही है। सरकार द्वारा गरीब पात्र व्यक्तियों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जा रही है। एसडीएम देवेंद्र शर्मा शनिवार को गांव हरिपूरा और सिमला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा में चिरायु हरियाणा के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी गई है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों को सफल बनाकर घर द्वार पर योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए लगाये गए स्टॉलों पर आकर योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की अनुबंधित ड्रामा पार्टी ने भी अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर तहसीलदार दिनेश ढिल्लो, बीडीपीओ कंचन लता, किरण, सोहन लाल, जगत राम, जगदीश शर्मा, रामफल, मुखत्यारा, विरेंद्र, पवन, विक्की, गुलाब सिंह, बीरबल, कृष्ण, सतबीर, रणधीर, सोनू शर्मा, रामचंद्र, सिया राम, रणधीर सिंह, हरदीप, जिले सिंह, जगदीश, श्याम लाल, अमित, रघबीर, राममेहर आदि मौजूद रहे।

### बेटियों को शिक्षा व सुरक्षा देने की गारंटी प्रधानमंत्री ने ली

**.कैथल।** विधायक लीला राम ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को घर द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। विधायक लीला राम शनिवार को गांव छौत तथा डयोढ़खेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। विधायक ने गांव डयोढ़खेड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाईव प्रसारण देखा व सुना। विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा में विभिन्न विभाग जैसे कि महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, क्रीड विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि स्टॉलों के माध्यम से लोगों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हर घर में नल तथा हर नल में जल उपलब्ध करवाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यदि किसी भी क्षेत्र से कोई शिकायत मिलती है तो तुरंत अधिकारियों को समाधान के लिए आदेश जारी किए जाते हैं। पानी, बिजली, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तरफ से भेजी गई एलईडी वैन जिला के हर गांव व वार्ड में पहुंचेगी, जिससे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा। इस मौके पर एसडीएम कपिल शर्मा, डीडीपीओ कंवर दमन, राजपाल तंवर, ज्योति सैनी, नरेश मित्तल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे में लैब का किया शुभारंभ

- लोगों को कम कीमत पर टैस्ट उपलब्ध करवाएं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन के गुरुद्वारा श्री दशमेश सिंह सभा में लोगों की सुविधा के लिए चिकित्सा जांच के लिए लैब का शुभारंभ किया गया। यह लैब सरबत दा भला इंटरनैशनल ट्रस्ट की ओर से बनाई और संचालित की जा रही है। जिसमें रियायती दरों पर लोगों के रक्त की जांच की जाएगी। लैब का शुभारंभ एस.पी. सिंह ओबेरोए ने किया। एस.पी. सिंह ओबेरोए ने कहा कि उनकी संस्था की ओर से लोगों की भलाई के लिए कार्य किए जाते हैं। उसी कड़ी में सीवन में यह लैब बनाई गई है। इस लैब में लोगों को बहुत ही कम कीमत पर टैस्ट उपलब्ध करवाए जाएंगे जिससे लोगों के धन की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है और खुद का स्वस्थ रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य सुविधाएं बहुत ही महंगी हैं जिसे हर कोई नहीं खरीद सकता है। गरीब आदमी की सारी जमापूंजी बीमार के इलाज में लग जाती है। ऐसे में यदि उन्हें बहुत ही कम कीमत पर लैब टैस्ट मिलें तो उनका लाभ हो सकता है।



सीवन। सीवन में लैब के शुभारंभ पर पहुंचे संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आरकेएसडी कालेज में मूल्यांकन का कार्य शुरू

**कैथल।** कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में इस समय आंतरिक मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजबीर पाराशर ने बताया कि वर्तमान में स्नातक कक्षाओं के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन प्रोफॉर्मा और स्नातकोत्तर कक्षाओं के पहले और तीसरे सेमेस्टर के प्रोफॉर्मा प्रत्येक विभाग में प्रसारित किए जाते हैं। गैर-शिक्षण कर्मचारियों की एक टीम भी है जो वर्तमान में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र पोर्टल पर आंतरिक मूल्यांकन अपलोड करने में शिक्षण कर्मचारियों की सहायता कर रही है। यहां यह उल्लेख करना उचित है।

# शहीद सैनिकों को किया जा रहा अनदेखा

- पूर्व सैनिक कर्मबीर फौजी ने ठोकी लोकसभा चुनाव में ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के जिला कैथल मे शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिकों द्वारा शहीद सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सैनिक ने शहीदों को याद कर उनके दिए मार्ग दर्शन पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की सभी राजनीतिक दलों ने सैनिकों का सम्मान नहीं किया। राजनीतिक नेताओं द्वारा शहीद सैनिकों को भूला दिया जाता है और राजनीतिक दलों को सैनिक सिर्फ राजनीति करने के लिए याद आते हैं। कैथल के शहीद स्मारक पर बुलंद आवाज करते हुए सभी सैनिकों ने एक स्वर के साथ अपने भाई कर्मबीर फौजी को लोकसभा में भेजने की आवाज उठाई। सभी पूर्व सैनिकों ने कर्मवीर फौजी जो एक समाजसेवी, गायक और एक जिला पार्षद प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा कर रहे है। पूर्व सैनिकों ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा निवासियों से आग्रह करते हुए कहा है कि पूर्व सैनिक कर्मवीर फौजी को लोकसभा में भेजकर जनता की आवाज उठाने का काम करेगा और उन्हें मान सम्मान दिलाने का काम करेगा।



कैथल। पूर्व सैनिक कर्मबीर फौजी पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए।



कैथल। बैठक करते पंजाबी वेल्फेयर सभा कैथल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शहीद मदन ढींगड़ा स्मारक पर रक्तदान कैंप आज

**कैथल।** पंजाबी वेल्फेयर सभा कैथल व एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहादत दिवस के अवसर पर अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक पर एक रक्तदान शिविर आज रविवार को लगाया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर की त्योरियों को लेकर एक बैठक सभा के प्रधान सुभाष कथूरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नवम गुरु की शहादत को समर्पित 17 दिसंबर रविवार को लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभा के सदस्यों की रक्तदान शिविर के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।प्रधान सुभाष कथूरिया सभा के सदस्यों से आह्वान किया कि वह स्वयं भी रक्तदान करें और परिवार के अन्य सदस्यों एवं मित्रों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। महासचिव सुषम कपूर ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग नोच व नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सरदार साहेब सिंह चक्कू मुख्य ग्रंथि मंजी साहेब गुरुद्वारा व सरदार शिशन शाह प्रधान उपस्थित रहेंगे।

# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

- मॉडल प्रदर्शनी व अभिभावक अध्यापक मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में मॉडल प्रदर्शनी व अभिभावक अध्यापक मीटिंग का आयोजन किया गया। मॉडल प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से लेकर 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अलग.अलग विषयों पर मॉडल बनाएं। सभी मॉडल एक से बढ़कर एक थे। प्रदर्शनी में मुख्यातिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बलजीत सिंह कश्यप ने शिरकत। खंड शिक्षा अधिकारी बलजीत कश्यप ने बताया कि विद्यालय की तरफ से बहुत ही सुंदर व बेहतरीन मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए समय.समय पर अनेक ऐसी गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए। जिससे उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा में निखार आता है और उन्हें खुलकर बोलने का अवसर मिलता है। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा कहा कि आदर्श स्कूल आसपास के क्षेत्र में सवार्त्तम शैक्षणिक संस्थान है। उन्होंने कहा कि ऐसा हम नहीं कहते ऐसा लोग बोलते हैं।



राजौंद। प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए शिक्षा अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शनिवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा चीका स्थित महिला सरकारी कालेज में छात्राओं व स्टाफ को, ए वी विद्या मंदिर स्कूल चीका के विद्यार्थियों तथा गांव लालपुर व चाबा में आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है इससे दूरी बनाएं।

# आरोही स्कूल ग्योंग में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मनीष सिंगला के मार्गदर्शन में प्रौद्योगिकी संवर्धन कार्यक्रम के तहत डिजिटल मेला प्रदर्शनी हेतु कक्षा नौवीं से बारहवीं के टेक स्किल क्लब के सदस्यों द्वारा आई टी तकनीक तथा विभिन्न टूल्स की उपयोगिता को मध्यनजर रखते हुए मॉडल तथा चाट्र्स व पोस्टर तैयार किए गए। डॉ चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद् गुरुग्राम द्वारा प्रत्येक विद्यालय में प्रौद्योगिकी संवर्धन कार्यक्रम के तहत टेक स्किल्स क्लब का गठन करते हुए डिजिटल मेला लगाने का पत्र जारी किया गया है। डॉ चावला ने बताया कि ई-आधिगम योजना नामक डिजिटल पहल जो प्रारंभ की गई है,उसके बारे में छात्रा कशिश ने सुन्दर पोस्टर तैयार किया।नौवीं की छात्रा भावना ने टेक स्किल क्लब के बारे में बताया और उसका एक सुन्दर तोरण तैयार किया। आई.टी के विद्यार्थियों द्वारा संजीव कुमार वी.टी. के मार्गदर्शन में सुन्दर मॉडल भी तैयार किया गया जिसमें आई.टी के विभिन्न उपकरणों को बखूबी से दिखाया गया है। कक्षा दसवीं के टेक स्किल क्लब के विद्यार्थियों तथा चार्ट तैयार किए गए और उनकी डिजिटल मेले के तहत प्रदर्शनी भी लगाई गई। नौवीं की टेक स्किल क्लब की छात्राओं मुस्कान,जान्हवीं तथा भावना ने डॉ विजय चावला के मार्गदर्शन में अपनी सृजनात्मक सोच दिखाते हुए कार्ड उठाओ और बताओ भाषायी खेल तैयार किया और खेल-खेल में विद्यार्थियों को अपना आकलन करने का मौका प्रदान किया। खेल-खेल में भाषा सीखना प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मनीष सिंगला द्वारा स्वयं प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।



कैथल। आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में लगाई प्रदर्शनी

### शहीद परिवार के साथ-साथ सैनिकों की विधवाएं भी कार्यक्रम में हुईं शामिल

# बलिदानियों को श्रद्धांजलि देकर मनाया विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में भारत पाक युद्ध 1971 की विजय श्री के उपलक्ष में विजय दिवस मनाया गया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया की मुख्य अतिथि कपिल कुमार,एस डी एम कैथल रहे इनके साथ विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार शर्मा समाज सेवी पुण्डरी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिले के शहीद परिवार के साथ-साथ सैनिकों की विधवाएं ,पूर्व सैनिक, डिसएबल साथी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही जिले से सैकड़ो साथी आज फाजिल्का बार मेमोरियल,बेरी वाला पुल के पास आसफवाला में शहीदों को श्रद्धांजलि देने एवं उनको नमन करने के लिए भारी संख्या में एसोसिएशन के साथी गए। एसोसिएशन प्रधान ने भारत पाक 1971 के युद्ध की संक्षिप्त जानकारी देते हुए हमारे शूरवीर योद्धाओ के बारे में बताया जिन को श्रद्धांजलि दी जा रही है और अवगत करवाय जिला कैथल के जो शूरवीर योद्धा इस युद्ध के सर्वोच्च बलिदानी है। उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि ने सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं दी और बताया कि हम आज जो बैठे हुए हैं केवल और केवल हमारे जो सर्वोच्च बलिदानियों ने जो बलिदानी दिया उन की बदौलत यहां पर बैठे हैं और मैं इस पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इनके साथ समाज सेवी प्रमोद कुमार शर्मा ने भी बताया कि हमारे शहीदों को एक सच्ची श्रद्धांजलि तब मिलेगी जब हम सब मिलकर इनका मान सम्मान रखेंगे और इनकी शहादत को हम सलाम करते रहेंगे और इन्हे नहीं बुलाएंगे वहीं हमारे लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है।



कैथल। एसडीएम कपिल कुमार को सम्मानित करते पूर्व सैनिक

### युद्ध की घटनाओं की याद को ताजा किया

इसी प्रकार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने जोत प्रवजलित की और पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और पहले सभी शहीद परिवारों ने और वहां आई वीरांगनाओं और सभी पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी राष्ट्रगान गाया और दो मिनट का मौन रखा एवं सभी ने आपस में विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए। उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा लड़े गए युद्ध की घटनाओं को ताजा किया और सभी ने कहा कि हम आगे भी इसी प्रकार से अपने शहीदों को याद करते रहेंगे और हम हर गांव में इस प्रकार के कार्यक्रम एवं आयोजन हो उसके बारे में अपने ग्रामवासियों को भी मैसेज देंगे। पूर्व सैनिक लोक गायक कर्मवीर फौजी ने अवगत कराया एसोसिएशन द्वारा बलिदानियों के सम्मान जो कार्यक्रम चल रहे हैं उन को श्रद्धांजलि देने के लिए इस प्रकार से आगे बढ़ाते रहेंगे मां भारती के वीर सपूतों, सर्वोच्च बलिदानियों की पहचान इस समाज में हम पूरी तरह से करवा कर रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### पाक युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जींद**। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने शनिवार दोपहर बाद झांझ गेट, भारत सिनेमा रोड, पुरानी सब्जी मंडी मोड़.एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया ये 360वां अभियान 1971 पाक युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया। संस्था सदस्यों ने कहा कि भारत देश को विकसित बनाने के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक ने शहीदों की याद में स्वच्छता अपनानी चाहिए।

### छेड़छाड़ मामला: जांच हाई कोर्ट के जज से कराना ठीक

**उचाना**। उचाना क्षेत्र के राजकीय स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ प्रिंसिपल द्वारा छेड़छाड़ किए



जाने का मामला विधानसभा सत्र में उठा। छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद इस मामले में हालांकि पुलिस ने प्रिंसिपल की गिरफ्तार कर ली है। विधानसभा में मामला उठने पर इस मामले की अब दोबारा से जांच हाई कोर्ट के सीटिंग जज से करवाने के फैसले की संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा उचाना धरना संयोजक आजाद पालवां ने सराहना की।

### अफीम उपलब्ध करवाने का मुख्यारोपी गिरफ्तार

**कैथल**। 376 ग्राम अफीम व 1 किलो 770 ग्राम चूरा पोस्त उपलब्ध करवाने के मामले की जांच चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई विकास कुमार द्वारा करते हुए आरोपी प्रीतम निवासी दाबनखेड़ी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 जून को एंटी नारकोटिक सेल पुलिस द्वारा दाबन खेड़ी निवासी गुरजीत सिंह को उसके मकान पर दबिश देकर काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 376 ग्राम अफीम व 1 किलो 770 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में दर्ज मामले में खुलासा हुआ था कि उसको यह नशीला पदार्थ प्रीतम द्वारा उपलब्ध करवाया गया है।

### गुहना और कलायत से लाखों का सामान चोरी

**कैथल**। जिले के गांव गुहना से कर एक मकान से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। दिलोंवाली के राममेहर ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 दिसंबर को गुहना स्थित उसके मकान का दरवाजा तोड़कर उसमें रखा सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 20000 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुशील ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है। इसी प्रकार से एक दूसरे मामले में कलायत के हरीश कुमार ने आरोप लगाया है कि मकान में घुसकर 25000 नगदी तथा सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जलालपुर खुर्द और अमरहेड़ी

## जींद विधायक ने किया स्वागत, लाभार्थी को योजना का लाभ दिया

कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव जलालपुर खुर्द व अमरहेड़ी में पहुंची। यहां जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई।

जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। यात्रा का उद्देश्य मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीबों के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गांरटी है। भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रमों में पहुंचने वाले आयुष्मान लाभार्थियों ने योजना को अपने जीवन के लिए एक तरह से वरदान बताया। इस दौरान पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को पशुओं में आने वाली बीमारियों से बचाव व उपचार तथा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को जांचा गया। कार्यक्रम में किसानों को ड्रोन के कार्योंर् पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र के चिकित्सक, बागवानी विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।



जींद। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थी को योजना का लाभ देते हुए विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

### पीएम मोदी व मुख्यमंत्री का संदेश भी सुनाया गया

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया। विधायक ने कहा कि यात्रा के आयोजन का मुख्य मकसद जरूरतमंद और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही है, जिसे विभिन्न विभागों की ओर से सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात लोगों के साथ सांझा किया। विध्शायक ने लोगों हमारा संकल्प-विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया। टीम को निर्देश दिए कि कोई भी ग्रामीण योजना के लाभ से वंचित नही रहना चाहिए। सभी विभाग अपनी योजनाओं का लाभ मौके पर ही देकर लाभार्थी को संतुष्ट करें। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार का मुख्य कार्यक्रम है इसलिए इसमें कोई भी विभाग की कोताही न करे।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नप अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी।

# सैनी समाज का महाकुंभ आज, सभी तैयारियां पूरी

- गैर राजनीतिक कार्यक्रम में एक मंच पर नजर आएंगे राजनीतिक पार्टियों के नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में रविवार को सैनी महापंचायत संगठन की ओर से सैनी महाकुंभ का आयोजन बत्तख चौक के पास के सैनी कन्या स्कूल में होगा। इसके लिए आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गैर राजनीतिक कार्यक्रम में एक मंच पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता नजर आएंगे। महाकुंभ में आयोजकों ने भारी भीड़ जुटने का दावा किया है। लोक निर्माण विश्राम गृह में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए सैनी महापंचायत संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विजय सैनी, अशोक, नगर परिषद जींद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि डा. राज सैनी, नगर पार्षद नरेश सैनी, हरफूल सैनी आदि ने कहा सैनी महाकुंभ का आयोजन विभिन्न मुद्दों को लेकर किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक रहेगा। सैनी महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या के अनुपात में विधानसभा और लोकसभा में सैनी समाज को टिकट देने, महाराजा शूर सैनी और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने, किसी भी एक बड़े शिक्षण संस्थान और एक बोर्ड का नाम महाराजा शूर सैनी के नाम पर रखने, शहीद गुलाब सिंह सैनी का पाठ्यक्रम शिक्षा बोर्ड में लागू करवाने, बल्लभगढ़, फरीदाबाद में शहीद गुलाब सिंह सैनी के नाम से एक बड़ा शहदी स्मारक बनाने, हरियाणा में प्रत्येक जिले में सैनी महापुरूषों के नाम से लाइब्रेरी, संस्थान और चौक बनवाने, सैनी रेजिमेंट की स्थापना करना रहेगा। सैनी समाज में कन्याओं की शादी में सहयोग, सैनी समाज में जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग, सैनी समाज में जरूरतमंद परिवारों की मेडिकल उपचार में सहयोग कर रहा है।

# मार्केट फीस में वृद्धि किए जाने के विरोध में आए सब्जी मंडी आढ़ती

- आढ़तियों ने कहा-मांगें नहीं मानी तो अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रा'य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मार्केट फीस में वृद्धि किए जाने पर सब्जी मंडी आढ़तियों ने रोष व्यक्त किया है। शनिवार को नई सब्जी मंडी में आढ़तियों ने बैठक कर निर्णय लिया कि जल्द ही सरकार ने बढ़ाई गई मार्केट फीस को वापस नहीं लिया तो 20 दिसंबर को सब्जी मंडी को बंद कर देंगे। आढ़तियों ने अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने की धमकी दी है। सब्जी मंडी प्रधान मोहित गुंबर ने कहा कि 2014 से 2020 तक आढ़तियों से कोई मार्केट फीस नहीं ली जाती थी। 2020 में सरकार ने आढ़तियों से एक प्रतिशत मार्केट फीस व एक प्रतिशत हरियाणा ग्रामीण विकास निधि (एचआरडीएफ) लेने का निर्णय लिया। अब सरकार ने एक अक्टूबर से 40 प्रतिशत मार्केट फीस में वृद्धि कर दी है। मार्केट फीस माफ कराने की मांग को लेकर प्रदेशभर के आढ़तियों का प्रतिनिधि मंडल 13 दिसंबर को हरियाणा रा'य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक से मिला था। मुख्य प्रशासक ने कोई बात नहीं सुनी। 20 दिसंबर को सब्जी मंडियां बंद करने का निर्णय लिया है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते मंडी प्रधान मोहित गुंबर व अन्य आढ़ती।



### आप की बदलाव यात्रा की रूपरेखा तैयार प्रदेश की बदहाल का मुद्दा उठाएगी

**कैथल**। आप के प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत ने गांव के कुलतारण, छौत, बुढा खेड़ा का दौरा किया और पार्टी के कार्यकताअरं के साथ बैठक कर बदलाव यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। गोयत ने बताया कि पार्टी /"इब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने" के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकालेगी। 15 से 24 दिसंबर तक पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति व दिल्ली, पंजाब में पार्टी द्वारा किए बदलावों के बारे में प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। मनोहर सरकार में प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। लाखों बेरोजगार युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश में 2 लाख स्वीकृत पद खाली है। जिन पर हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार देने की बजाय कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे रोजगार देकर युवाओं का शोषण कर रही है।

### राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखां में विज्ञान प्रदर्शनी

# यीशु शर्मा लाइफ व प्रीति ने कंप्यूटेसनल थिंकिंग में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा शिक्षा विभाग, एससीईआरटी हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में विज्ञान प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गय। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों में विज्ञान की व्यवहारिक समझ बनाने के लिए इस बार पांच विषयो में ये प्रदर्शनी विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने सभी 33 प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जीव विज्ञान प्राध्यापक हरदीप सिंह व निर्णायक मंडल के साथ सभी मॉडल की कार्य प्रणाली में उनके सामाजिक जीवन में महत्व को बारीकी से जाना वह मॉडल के माध्यम से विज्ञान विषय को रोचक बनाए जाने पर छात्र व अध्यापकों से बात की इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के दौरान दो वर्गोंर् में बांटा गया। कक्षा 12वीं की छात्रा अनु ने ट्रांसपोर्ट व संचार जान्हवी ने स्वास्थ्य, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र यीशु शर्मा ने लाइफ तथा छात्रा प्रीति ने कंप्यूटेसनल थिंकिंग विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया सजूनियर वर्ग में विज्ञान अध्यापक कपिल कुंडू के मार्गदर्शन में शिवम, जतिन तथा यश ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



नरवाना। विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।

# इंडस पब्लिक स्कूल में नशा न करने व साइबर क्राइम बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

समाज को विभिन्न मुद्दों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जागरूक करने के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत शनिवार को महिला एसएचओ एसआई रेखा द्वारा इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में जाकर बच्चों को गुड टच बैड टच, नशा ना करने बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया।

एसएचओ ने बच्चों को बताया कि आपके साथ कोई इस प्रकार की घटना करता है तो बे-झिझक आप तुरंत अपने परिजनों या अध्यापकों को बताएं। परिजनों व अध्यापकों द्वारा भी मामला पुलिस के संज्ञान में लाया जाए ताकि आरोपी पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त एसएचओ ने बताया कि आज के दौरान में साइबर क्राइम काफी बढ़ गया है। ओटीपी सहित किसी भी प्रकार की अपनी जानकारी किसी को न दें। नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन करना किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। बच्चे इस देश व समाज का भविष्य है, बच्चो को अपनी पढ़ाई व खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। बच्चे नशा ना करने बारे व साइबर क्राइम के बारे अपने पेरेंट्स व आस पड़ोस में भी जागरूक करें।



# रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म निर्माण कार्य से पहले किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कस्बे के रेलवे स्टेशन का नवीनिकरण का कार्य जोरो-शोरो से चल रहा है। वहीं शनिवार को नरवाना के रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म निर्माण के लिए किया भूमिपूजन कार्यक्त्रम का आयोजन अमन जुलानी ठेकेदार ने भूमिपूजन कर किया। रोशन लाल वेदपाठी ने मन्त्रोउचारण द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर सोनू?? सिंह ने भूमिपूजन कार्यकम में भाग लिया। प्लेटफार्म के रेजिंग व शेड निर्माण का काम किया जाएगा जिस पर लगभग 5 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इस से अलग वाटर कूलर बनाने का काम अलग से टैडर द्वारा होगा। अमन जुलानी ने बताया कि अप्रैल या मई माह तक प्लेट फार्म बनकर तैयार हो जायेगा। भूमि पूजन के अवसर पर भुपेंद्र सिंह, स्टेशन मास्टर सोनू?? सिंह, विवेक मित्तल वरिष्ठ खण्ड अभियंता, अजीत सिंह मुख्य माल प्रयवैक्षक, रामभरोसे सब.इंस्पेक्टर आरपीएफ, अवतार सिंह एएसआई आरपीएफ, अमन जुलानी ठेकेदार उपस्थित रहे। विधि विधान से पूजन का काम सम्पन्न हुआ जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।



जींद। भूमि पूजन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सफीदो में सफाईकर्मियों से मारपीट, किया पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों सैंसी मोहल्ले में सफाई करने पहुंचे सफाईकर्मियो पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपितों ने कर्मियों पर पथराव भी किया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने सफाई दरोगा की शिकायत पर चार लोगों को नामजद कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पालिका सफीदों के सफाई दरोगा मंगल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सैंसी मोहल्ले ने सफाई न होने की सूचना मिली थी। जिस पर वह अपने साथी रणजीत तथा डोर टू डोर कर्मी के साथ रिक्शा तथा ट्रैक्टर ट्राली के साथ मौके पर पहुंच गया और कूडा डालने लगे। उसी दौरान मोहल्ले के निशु तथा अन्य ने कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने कर्मियों पर पथराव भी किया। जिसमें कर्मी बाल-बाल बच गए और जान बचा कर भाग निकले। शहर थाना सफीदों पुलिस ने सफाई दरोगा मंगल की शिकायत पर निशु, मनोज, संदीप, अजय को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना सफीदों के जांच अधिकारी ईश्वर सिंह ने बताया कि सफाई दरोगा द्वारा कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज।

### डोर टू डोर सफाई कर्मियों ने नपा प्रांगण में दिया धरना

**सीवन**। डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सीवन की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। घरों के बाहर कचरा जमा है और जगह जगह कचरे के ढेर लगे हैं। इसके कारण से लोगों को परेशानी हो रही है। दूसरी ओर डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका प्रांगण में धरना दिया हुआ है। प्रधान सोनू, ब्लाक प्रधान अशोक कुमार, रविन्द्र राहुल, नरेन्द्र ने बताया कि उन्हें पूरी सुविधाएं न मिलने के कारण वह हड़ताल पर हैं और धरने पर बैठे हें। उन्होंने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार प्रतिनिधि अमित ने 5 नवंबर को हमारी मांगों को माना था और अभी तक उन मांगों को पूरा नहीं किया गया है। हमारी मांगे थी कि हमारी सेलरी में बढ़ोतरी की जाए, डोर टू डोर कर्मचारियों को तेल, साबून, वर्दी, जूते, दस्ताने और सेंट किट दी जाए लेकिन उन्हें अभी तक यह सुविधाएं नहीं दी गई हैं। उनकी केवाईसी भी पूरी तरह से नहीं हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### सरकार सुरक्षा मंच की मांगों पर नहीं है गंभीर : जीवानंद

**गुहला-चीका**। गुहला सुरक्षा मंच की आवश्यक बैठक मंच के संयोजक जीवन आनंद कौशिक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे कई अहम फैसले लिए गए। जीव आनंद ने कहा कि सड़क सुरक्षा मंच और प्रशासन के बीच इस बात को लेकर सहमति बनी थी कि गुहला की सभी सड़कों को निश्चित समय अवधि मे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह भी समझौता हुआ था कि सड़कों के निर्माण पर अच्छी सामग्री डाली जाएगी। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी गुहला की लिंक सड़के आज भी जस की तस है। आज भी रामनगर से लेकर समाना, गुहला से लेकर भाटिया, हरिगढ़ किंगन से लेकर सिंह और अनेक गांव की सड़के हैं।

## गंगापुत्रा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुई फ्रेशन पार्टी

# केशव मिस्टर फ्रेशर व लक्षिता मिस फ्रेशर चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कंडेला स्थित गंगापुत्रा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें केशव वर्मा को मिस्टर फ्रेशर तथा लक्षिता को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा गौरव को मिस्टर इवनिंग तथा आक्षी को मिस इवनिंग भी चुना गया। गंगापुत्रा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस की सभी कक्षाओं प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इसमें मिस फ्रेशर तथा मिस्टर फ्रेशर का चयन करना काफी कठिन हो गया। क्योंकि एक से बढ़कर छात्र, छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। काफी प्रयास के बाद केशव वर्मा को मिस्टर फ्रेशर तथा लक्षिता को मिस फ्रेशर चुना गया। इस दौरान छात्र, छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर प्रतिभा का लोहा मनवाया।



जींद। फ्रेशर पार्टी में आयोजित एक प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक ज्ञान भी जरूरी

मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन प्रवीण गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के आयोजन भी होने जरूरी होते हैं। एक भावी डॉक्टर को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि सामाजिक ज्ञान की भी जरूरत पड़ती है। इसके अलावा कॉलेज में समय-समय पर अन्य कार्यक्त्रमों का भी आयोजन किया जाता है। प्राचार्य डा. एसके मिश्रा ने कहा कि गंगापुत्रा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में छात्र, छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इनको इस प्रकार तैयार किया जाता है कि भविष्य में मेडिकल क्षेत्र में इनको किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आती है।